SITAPUR POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

09 नवीन सूचीबद्ध (हिस्ट्रीशीटर) अपराधियों पर पुलिस की सतत निगरानी, जनता की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता

दिनांकः-19.02.2026

पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने क्षेत्र में सतत निगरानी एवं अपराध नियंत्रण की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। इसी निर्देश के क्रम में विभिन्न थानों द्वारा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए कुल 09 अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोली गई है।

उक्त अपराधियों का आपराधिक इतिहास गंभीर प्रकृति का पाया गया है, जिनमें मारपीट, नकबजनी, चोरी, वाहन चोरी, लूट, अवैध शस्त्र, मादक पदार्थों की तस्करी एवं अन्य संगीन धाराओं के अपराध शामिल हैं। संबंधित थानों द्वारा इन सभी हिस्ट्रीशीटरों की नियमित निगरानी करते हुए उनकी गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। जनपद सीतापुर पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध "जीरो टॉलरेंस" की नीति के अंतर्गत कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। आमजन से भी अपील की जाती है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति/गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। खोली गयी नयी हिस्ट्रीशीटरों का विवरण निम्नवत् है-

क्र0सं0	थाना	एच0एस0 नं0	नाम एच0एस0	एच0एस0 फोटो
1	नैमिषारण्य	02ए	अमित पाल पुत्र स्व0 प्रहलाद निवासी ग्राम सहरोइया मजरा करूवामऊ थाना नैमिषारण्य जनपद सीतापुर उम्र 25 वर्ष	
2	लहरपुर	15ए	गोलू उर्फ रघुवंश कश्यप पुत्र कमलेश कश्यप निवासी निवौरी थाना लहरपुर जनपद सीतापुर उम्र 23 वर्ष	
3	लहरपुर	16ए	मेहरूद्दीन पुत्र इरफान निवासी नेवादा थाना लहरपुर जनपद सीतापुर उम्र 34 वर्ष	
4	सकरन	16ए	अनिल कुमार पुत्र मोजीलाल निवासी नत्थापुरवा मजरा मडोर थाना सकरन सीतापुर उम्र 31 वर्ष	
5	सकरन	17ए	पिंकू कुमार उर्फ पिन्टू पुत्र प्रकाश उर्फ ओमप्रकाश निवासी ग्राम व कस्बा व थाना सकरन जनपद सीतापुर उम्र 28 वर्ष	
6	सकरन	18ए	रामजीवन पुत्र श्रीराम निवासी सलौली ताजपुर थाना सकरन जनपद सीतापुर उम्र 35 वर्ष	
7	पिसांवा	13ए	आकाश उर्फ मिट्ठू पुत्र रामनाथ निवासी ग्राम व थाना पिसांवा जनपद सीतापुर उम्र 28 वर्ष	

8	महमूदाबाद	23ए	आमिर पुत्र मो0 हारून निवासी कुरेशी टोला थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर उम्र 24 वर्ष	
9	महमूदाबाद	24ए	नरेन्द्र उर्फ रोहित कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी बेहटा छावनी थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर उम्र 30 वर्ष	

पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद सीतापुर पुलिस द्वारा वर्ष 2026 में अब तक कुल 65(56+09) हिस्ट्रीशीट खोली जा चुकी है।

सत्यमेव जयते

उत्तर प्रदेश पुलिस